# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.03.2026 को जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 09.03.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2. अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, प्रयागराज।
3. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई, कौशाम्बी।
4. सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
5. प्रतिनिधि टी0पी0आई0 एजेन्सी, मे0 मेधज् टेक्नों लिमिटेड।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0) द्वारा कराये जा रहे कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 जे0एम0सी0 के निर्माण कार्यो की प्रगति :–

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) को माह– फरवरी में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति की कुल 38 नग पेयजल योजनाओं कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के सापेक्ष माह फरवरी में 10 परियोजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 08 नग पेयजल परियोजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी। इस सम्बन्ध में मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) को निर्देशित किया गया कि माह फरवरी की 02 अवशेष परियोजना को माह मार्च के लक्ष्य 12 में सम्मिलित करते हुए कुल 14 परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) एवं अधिशासी अभियन्ता को माह– मार्च एवं अप्रैल, 2026 में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली कुल 30 पेयजल योजनाओं को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों को माह– मार्च, 2026 तक शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 बाबा जी0ए0 इन्फा (जे0वी0) के निर्माण कार्यो की प्रगति :–

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फा (जे0वी0) को माह– फरवरी में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति की कुल 34 नग पेयजल योजनाओं कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के सापेक्ष माह फरवरी में 10 परियोजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 08 नग पेयजल परियोजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी। इस सम्बन्ध में मे0 बाबा जी0ए0 इन्फा (जे0वी0) को निर्देशित किया गया कि माह फरवरी की 02 अवशेष परियोजना को माह मार्च के लक्ष्य 11 में सम्मिलित करते हुए कुल 13 परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0 इन्फा (जे0वी0) एवं अधिशासी अभियन्ता को माह– मार्च एवं अप्रैल, 2026 में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली कुल 26 पेयजल योजनाओं को पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों को माह– मार्च, 2026 तक शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## अन्य निर्देश :–

1. पोर्टल पर बन्द तथा विच्छेदित प्रदर्शित हो रही परियोजनाओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त परियोजनाओं का जिला पंचायत राज अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन करा लिया जाय जिससे ज्ञात हो सके कि परियोजनाएं संचालित हैं अथवा नहीं।
2. दैनिक समाचार पत्रों में जल निगम की परियोजनाओं के सम्बन्ध में लगातार प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि बन्द/अकियाशील परियोजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराये।
3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों/गलियों के शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापित कराये जाने तक अधिशासी अभियन्ता तथा सभी सहायक अभियन्ताओं का वेतन अवरूद्ध किये जाने के निर्देश दिये गये।

4. जिन पेयजल योजनाओ से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है, उनमें सुबह–शाम नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।
5. मौजूद DC/DPMU को विवादित जमीन एवं नलकूप हेतु पर्याप्त भूमि से संबन्धित उप जिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए अथवा जिन दो योजनाओं पर मा0 उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश है उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।
6. आई.जी.आर.एस. प्रकरणों के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि आई.जी.आर.एस. के समस्त प्रकरणों का समयान्तर्गत, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें जिससे प्रकरण डिफालटर की श्रेणी में वर्गीकृत न हो तथा फीडबैक संतोषजनक हो। यदि कोई प्रकरण डिफालटर की श्रेणी में आता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी जिसके लिये वे स्वयं उत्तरदायी होगें।

**राजकीय नलकूप :–**

अधिशासी अभियन्ता, राजकीय नलकूप द्वारा अवगत कराया गया कि 15 दिन से अधिक दिनों से 04 नलकूप बन्द हैं। तत्सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जितने भी राजकीय नलकूप यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द हैं उन्हे एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराया जाना सुनिश्चित करें। विकास खण्ड सरसवां में निर्माणाधीन परियोजना के पूर्ण होने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य 30 अप्रैल, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

**सिंचाई विभाग :–**

बैठक में सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग द्वारा सिल्ट सफाई तथा नहरों के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के समस्त नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नहरों में जहां–जहां पुनरोद्धार की आवश्यकता है उन स्थानों की परियोजना बनाकर अगले वित्तीय वर्ष में कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त संदर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, एंटी भू माफिया संदर्भ, व माननीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/सिंचाई/नलकूप)

09/03/26

(विनोद राम त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्रांक 1173 /जल जीवन मिशन/ 2026 / दिनांकः– 10.03.2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
4. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, कौ ाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियमित योजनाओं का अनुश्रवण/निरीक्षण करते हुये फर्म से गुणवत्ता सहित निर्माण कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेशित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

09/03/26

मुख्य विकास अधिकारी
कौशाम्बी।